हुकम या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामिल में जारी हुए

प्रार्थना पत्र के समर्थन मे ग्यारसी देवी व विमला देवी का शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया जो शामिल मिसल किया गया। पत्रावली मे बहस एकपक्षीय सुनी गयी। पत्रावली वास्ते निर्णय दि. 10/03/2021 को पेश हो।

10/03/2021 पत्रावली आज वास्ते निर्णय/आदेश पेश हुयी। वकील प्रार्थी उप0। पत्रावली में बहस पूर्व में सुनी जा चुकी है। दौराने बहस वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दोहरान करते हुए कथन किया था कि प्रार्थी का सही नाम कमलेश पुत्र श्योपाल एवं प्रार्थी की माता का सही नाम ग्यारसी देवी पत्नी श्योपाल है। परन्तु राजस्व रिकार्ड तैयार करते समय सहवन से गलत नाम कमलेश पुत्र शिवपाल एवं प्रार्थी की माता का नाम सीता देवी पत्नी शिवपाल दर्ज कर दिया। प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र के समर्थन में राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, भामाशाह कार्ड, तहसील खण्डेला राजस्व ग्राम सालवाडी पटवार हल्का गुमानसिंह कोटडी लुहारवास के कृषि भूमि खसरा नम्बर 1408 की जमाबन्दी सम्वत 2074–2077 एवं साक्ष्य में अपनी माता ग्यारसी देवी पत्नी श्योपाल, बहिन बिमला देवी पुत्री श्योपाल नि. कुमावतों का मोहल्ला चौकडी तह. खण्डेला के शपथ–पत्र प्रस्तुत किये हैं, जिनमें सही नाम है ।

बहस पर मनन व पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड, दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। जिससे जाहिर है कि विवादित आराजी के राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का नाम कमलेश पुत्र शिवपाल एवं प्रार्थी की माता का नाम सीता देवी पत्नी शिवपाल अंकित है। प्रार्थी का कथन है कि प्रार्थी का सही नाम कमलेश पुत्र श्योपाल एवं प्रार्थी की माता का सही नाम ग्यारसी देवी पत्नी श्योपाल है की पुष्टि राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, भामाशाह कार्ड, तहसील खण्डेला राजस्व ग्राम सालवाडी पटवार हल्का गुमानसिंह कोटडी लुहारवास के कृषि भूमि खसरा नम्बर 1408 की जमाबन्दी सम्वत 2074–2077 एवं साक्ष्य माता ग्यारसी देवी पत्नी श्योपाल, बहिन बिमला देवी पुत्री श्योपाल नि. कुमावतों का मोहल्ला चौकडी तह. खण्डेला के शपथ–पत्र जिनमें सही

ग्यारसी देवी

बिमला देवी

Identified

Signature Not Verified
Digitally signed by Brajesh Kumar
Date: 2021.03.29 17:55:06 IST
Reason: SelfAttested

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज
	नाम से होता है। इस प्रकार प्रस्तुत रिकॉर्ड, दस्तावेजात के आधार पर प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाना उचित है।

(बृजेश कुमार)
उपखण्ड अधिकारी
नीमकाथाना

आदेश

उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है तथा राजस्व ग्राम ज्यातिनगर पटवार हल्का चला तह. नीमकाथाना में स्थित भूमि खसरा नम्बर 421 के वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड में **कमलेश पुत्र शिवपाल एवं प्रार्थी की माता का नाम सीता देवी पत्नी शिवपाल** के स्थान पर **कमलेश पुत्र श्योपाल एवं प्रार्थी की माता का सही नाम ग्यारसी देवी पत्नी श्योपाल** दुरुस्त कर राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद के आदेश दिये जाते हैं। शेष इन्द्राजात बदस्तूर रहे।

निर्णय सरे इजलास सुनाया गया।

(बृजेश कुमार)
उपखण्ड अधिकारी
नीमकाथाना

Signature Not Verified

Digitally signed by Brejesh Kumar
Date: 2021.03.29 17:55:06 IST
Reason: SelfAttested